Title: Need to solve acute drinking water problem in Singhbhum Parliamentary Constituency, Jharkhand -Laid.

श्री लक्ष्मण गिलुवा (सिंहभूम) अध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र सिंहभूम पूर्णतः आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है और यहां के आदिवासी लोगों के गांवों में आवश्यकतानुसार चापाकल नहीं है और जो हैं भी वह मरम्मत के अभाव में बेकार पड़े हैं। पेयजल के अभाव में एक ओर तो आदिवासी लोगों को तालाब का दूति पानी पीना पड़ रहा है, जिसके कारण अनेक बीमारियां हो जाती हैं। दूसरी तरफ सरकार द्वारा लगाये गये पैसे का सही प्रकार से उपयोग नहीं हो रहा है। इस संबंध में जिम्मेदार व्यक्तियों का पता लगाकर उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही किया जाना लोकहित में होगा।

सदन के माध्यम से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र सिंहभूम में आवश्यकतानुसार चापाकल आबंटित किये जायें और जो नलकूप बेकार पड़े हैं, उनको तत्काल ठीक किया जाये, जिससे कि वहां पेयजल की समस्या को दूर किया जा सके।